प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2025
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2025

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION

SIL-HINDI (NLH)

द्वितीय भारतीय भाषा – हिन्दी

विषय कोड:
Subject Code : **106**

| प्रश्न पुस्तिका सेट कोड<br>Question Booklet Set Code |
|---|
| |

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106

Total Question : 100 + 6 = 106

कुल मुद्रित पृष्ठ :28

Total Printed Pages : 28

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)

[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंको का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराए गए OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले/ काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ/ ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।



Visit CollegeDekho

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1- 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में "तुम्हारे खिलौने मेरे चिमटे का बाल भी बाँका नहीं कर सकते।" – यह कथन किसका है ?

(A) नूरे का (B) हामिद का

(C) महमूद का (D) मोहसिन का

2- 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में मोहसिन को कौन–सा खिलौना पसंद आया ?

(A) वकील (B) सिपाही

(C) भिश्ती (D) गुजरिया

3- 'गत' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) अगला (B) नीचे

(C) पिछला (D) ऊपर

4- "मानते जी की हैं, सुनते हैं सदा सबकी कही।
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत् में आप ही ।।"
– ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की है ?

(A) तू जिन्दा है तो......... की (B) कर्मवीर की

(C) बिहारी के दोहे की (D) पीपल की



Visit CollegeDekho

5- बालगोबिन भगत के घर में कौन रो रही है ?

(A) पत्नी (B) पतोहू

(C) पुत्री (D) बहन

6- बालगोबिन भगत के गाँव से गंगा नदी कितनी दूर थी ?

(A) दस कोस (B) पन्द्रह कोस

(C) तीस कोस (D) बीस कोस

7- पहाड़, नदी, जंगल की सुंदरता के साथ ही 'हुडरू का जलप्रपात' शीर्षक पाठ में किसका वर्णन है ?

(A) मूर्ति का (B) मंदिर का

(C) अबरक और कोयला खदानों का (D) देवता का

8- 'बिहारी के दोहे' शीर्षक कविता में, किसके पालन करने से मनुष्य श्रेष्ठ बनता है ?

(A) बाह्याडंबर के (B) नम्रता के

(C) उग्रता के (D) रोजगार के

9- "जपमाला, छापै, तिलक सरै न एकौ कामु।
मन–काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु ।।" – ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) बिहारी के दोहे की (B) खुशबू रचते हैं हाथ की

(C) झाँसी की रानी की (D) सुदामा चरित की



Visit CollegeDekho

10- 'वृथा' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) कच्चा

(B) व्यर्थ

(C) शपथ

(D) चेतना

11- किस शीर्षक कहानी में मिथिलांचल की लोक–संस्कृति का प्रभावी वर्णन है ?

(A) ईदगाह में

(B) खेमा में

(C) ठेस में

(D) इनमें से कोई नहीं

12- 'ठेस' शीर्षक कहानी में, "तुम्हारी भाभी नाखून से खाँटकर तरकारी परोसती है।"
– यह किसने कहा ?

(A) मानू ने

(B) लेखक ने

(C) भाभी ने

(D) सिरचन ने

13- "हो मेरे दम से यूँ ही मेरे वतन की ज़ीनत
जिस तरह फूल से होती है चमन की ज़ीनत" – ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) बच्चे की दुआ की

(B) पीपल की

(C) सुदामा चरित की

(D) बिहारी के दोहे की

14- सम्राट अशोक किससे कहते हैं कि, कल सेना का संचालन मैं स्वयं करूँगा ?

(A) दरबारी से

(B) संवाददाता से

(C) सेनापति से

(D) सैनिक से



Visit CollegeDekho

15- 'अशोक का शस्त्र त्याग' शीर्षक पाठ में एकांकीकार ने किसके महत्व पर प्रकाश डाला है ?

(A) हिंसा के
(B) अशान्ति के
(C) अहिंसा के
(D) क्रोध के

16- 'वीरांगना' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) पराधीन
(B) वीर महिला
(C) नेतृत्व
(D) जासूस

17- निम्नलिखित में लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना कौन है ?

(A) ईदगाह
(B) खेमा
(C) ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से
(D) ठेस

18- लेखक रामधारी सिंह 'दिनकर' के अनुसार कौन, सामने प्रशंसा और पीछे–पीछे निंदा किया करती हैं ?

(A) मक्खियाँ (ईष्यालु व्यक्ति)
(B) मित्र
(C) शत्रु
(D) भाई

19- 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में "बाजार की मक्खियों को छोड़कर एकान्त की ओर भागो।" – यह कथन किसका है ?

(A) अरस्तू का
(B) नीत्से का
(C) ट्रॉटस्की का
(D) हेगेल का



Visit CollegeDekho

20- निम्नलिखित में अप्रतिम निर्गुण भक्त कवि कौन थे ?

(A) नरोत्तमदास
(B) शंकर शैलेन्द्र
(C) अरूण कमल
(D) कबीरदास

21- 'स्पर्द्धा' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) प्रतियोगिता
(B) प्रत्यारोप
(C) घटना
(D) आरोप

22- 'मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में।' – इस पंक्ति में 'मोको' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) ईश्वर के लिए
(B) मानव के लिए
(C) दैत्य के लिए
(D) दानव के लिए

23- पठित पाठ में कबीर अपने किस पद में ईश्वर या अल्लाह को कहीं बाहर ढूंढ़ने की जगह अपने भीतर ही साक्षात्कार की बात कहते हैं ?

(A) प्रथम पद में
(B) द्वितीय पद में
(C) तृतीय पद में
(D) चतुर्थ पद में

24- पठित पाठ के अनुसार किस विश्वविद्यालय का अतीत कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से कहीं अधिक उन्नत और महत्त्वपूर्ण था ?

(A) तक्षशिला विश्वविद्यालय का
(B) विक्रमशिला विश्वविद्यालय का
(C) उदंतपुरी विश्वविद्यालय का
(D) मद्रास विश्वविद्यालय का



Visit CollegeDekho

25- विक्रमशिला विश्वविद्यालय के प्रथम आचार्य–कुलपति कौन थे ?

(A) धर्मपाल (B) वशिष्ठ

(C) कण्व (D) हरिभद्र

26- 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में 2 जनवरी, 97 को अपनी डायरी में किसने लिखा था, कि आज सुबह शीला के घर गई ?

(A) दीदी ने (B) संजू ने

(C) माँ ने (D) पिताजी ने

27- खरीददार–(मालिक से) इस भैंस की तो एक आँख खराब है, फिर इस भैंस के सात हजार रूपए क्यों माँग रहे हो ? मालिक – भैंस से दूध लेना है या कशीदाकारी करवानी है। – यह चुटकुला किस शीर्षक पाठ का है ?

(A) दीदी की डायरी का (B) दीनबन्धु निराला का

(C) हौसले की उड़ान का (D) चिकित्सा का चक्कर का

28- 'पीपल' शीर्षक कविता में वह कौन–सा पेड़ है जो युग–युग से जंगल में निश्चल अडिग खड़ा है ?

(A) कटहल का पेड़ (B) जामुन का पेड़

(C) पीपल का पेड़ (D) आम का पेड़

29- आचार्य शिवपूजन सहाय के अनुसार 'निराला' किसको लखते थे ?

(A) अमीरों को (B) पर्यटकों को

(C) शिक्षाविदों को (D) दीनों को



Visit CollegeDekho

30- सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' असमर्थ तथा अपाहिज भिखारियों की दीन दशा के लिए किसकी तीव्र आलोचना किया करते थे ?

(A) शासन और समाज की (B) गाँव–घर की

(C) रिश्ते–नातेदारों की (D) युवक–युवतियों की

31- 'दीनबन्धु निराला' शीर्षक पाठ के अनुसार दरिद्रनारायण को विधिवत् भोजन कहाँ कराया जाता था ?

(A) ज्योतिर्मठ (उत्तराखण्ड में) (B) वेलूर मठ (कलकत्ता में)

(C) गोवर्धन मठ (उड़ीसा में) (D) शृंगेरी मठ (तमिलनाडु में)

32- 'अर्चना' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) संपूर्ण (B) प्रतिष्ठा

(C) संतुष्ट (D) प्रार्थना

33- "कहाँ मर गया था, ये बर्तन क्या तेरा बाप धोएगा?" – यह खेमा से किसने कहा ?

(A) ग्राहक ने (B) दवा दुकान मालिक ने

(C) कसारा ने (D) लेखक ने

34- खेमा की उम्र क्या थी ?

(A) लगभग सात–आठ वर्ष (B) लगभग पाँच–छः वर्ष

(C) लगभग दस–ग्यारह वर्ष (D) लगभग आठ–नौ वर्ष



Visit CollegeDekho

35- "कई गलियों के बीच

कई नालों के पार

कूड़े–करकट

के ढेरों के बाद" – ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) खुशबू रचते हैं हाथ की (B) बिहारी के दोहे की

(C) कबीर के पद की (D) झाँसी की रानी की

36- 'खस' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) राख (B) मूँग

(C) मसूर (D) पोस्ता

37- 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ के अनुसार जैनब खानम को कराटे में क्या प्राप्त है ?

(A) सफेद बेल्ट (B) नारंगी बेल्ट

(C) ब्लू बेल्ट (D) पीली बेल्ट

38- मुंगेर जिला निवासिनी कदम स्कूल के बाल संसद की क्या है ? 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(A) सदस्य (B) प्रधानमंत्री

(C) कोषागार अध्यक्ष (D) सलाहकार

39- आर्थिक तंगी से निजात पाने के लिए कर्पूरी ठाकुर कौन सी नौकरी स्वीकार किए ?

(A) मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक (B) किरानी

(C) सिपाही (D) वकील



Visit CollegeDekho

40- कर्पूरी ठाकुर बिहार विधानसभा के सदस्य कब से कब तक रहे ?

(A) 1950 – 1987 तक
(B) 1951 – 1986 तक
(C) 1952 – 1988 तक
(D) 1951 – 1988 तक

41- कर्पूरी ठाकुर ने आई०ए० में अध्ययन करने के लिए किस कॉलेज में नाम लिखवाया ?

(A) मिल्लत कॉलेज में
(B) ललित नारायण मिथिला कॉलेज में
(C) कुँवर सिंह कॉलेज में
(D) चन्द्रधारी मिथिला कॉलेज में

42- 1970 ई० में बिहार के मुख्यमंत्री कौन थे ?

(A) कर्पूरी ठाकुर
(B) दारोगा प्रसाद राय
(C) भोला पासवान शास्त्री
(D) केदार पाण्डेय

43- 'मुमकिन' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) आशा
(B) संभव
(C) शब्द
(D) नतीजा

44- 'रानी गई सिधार, चिता अब उसकी दिव्य सवारी थी,
मिला तेज से तेज, तेज की वह सच्ची अधिकारी थी', – ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता से उद्धृत है ?

(A) राह भटके हिरन के बच्चे को
(B) कबीर के पद
(C) झाँसी की रानी
(D) सुदामा चरित



Visit CollegeDekho

45- 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में, कौन कभी बीमार नहीं पड़ा है ?

(A) पत्नी (B) लेखक

(C) पुत्र (D) माँ

46- 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में बारह पूरी और वही रोज वाली आध पाव मलाई खा चुकने के बाद छः रसगुल्ला किसने खाया ?

(A) डॉक्टर ने (B) बेढब बनारसी ने

(C) वैद्य ने (D) चूहानाथ कातर जी ने

47- 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ के अनुसार किनका नाम बनारस ही नहीं, हिन्दुस्तान में लुकमान की तरह मशहूर है ?

(A) वैद्य जी का (B) डॉक्टर का

(C) हकीम साहब का (D) चूहानाथ कातर जी का

48- 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में दंत–चिकित्सक ने दाँत निकालने के लिए प्रति दाँत कितने रूपये माँगे ?

(A) दो रूपए (B) एक रूपए

(C) तीन रूपए (D) चार रूपए

49- 'बोल्यो द्वारपालक, सुदामा नाम पाड़े सुनि
छाँड़े राजकाज ऐसे जी की गति जाने को।' – ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) झाँसी की रानी की (B) कर्मवीर की

(C) बच्चे की दुआ की (D) सुदामा चरित की



Visit CollegeDekho

50- सुदामा के पैरों में फटी बिवाई तथा चुभे काँटे देखकर कौन द्रवित हो जाते हैं ?

(A) द्वारपाल (B) राधा

(C) श्रीकृष्ण (D) दरबारी

51- 'पगा' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) गमछा (B) पाजामा

(C) धोती (D) पगड़ी

52- "आकाश में हैं तारे भरे
नीचे झरे
ढेर के ढेर पत्ते" – ये पंक्तियाँ किस शीर्षक कविता की हैं ?

(A) राह भटके हिरन के बच्चे को (B) बच्चे की दुआ

(C) बिहारी के दोहे (D) पीपल

53- पठित पाठ के अनुसार तंत्र विद्या के अतिरिक्त व्याकरण, न्याय, सृष्टि विज्ञान, शब्द–विद्या, शिल्प–विद्या, चिकित्सा–विद्या, सांख्य, वैशेषिक, अध्यात्मविद्या, विज्ञान, जादू एवं चमत्कार–विद्या किस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल थे ?

(A) कलकत्ता विश्वविद्यालय के (B) विक्रमशिला विश्वविद्यालय के

(C) ओदंतपुरी विश्वविद्यालय के (D) दिल्ली विश्वविद्यालय के

54- निम्नलिखित में लेखक कामता प्रसाद सिंह 'काम' की रचना कौन है ?

(A) अशोक का शस्त्र–त्याग (B) दीनबन्धु निराला

(C) हुडंरू का जलप्रपात (D) विक्रमशिला



Visit CollegeDekho

55- पठित पाठ के अनुसार ऊपर इमली के घने वृक्षों की छाया और नीचे पक्का फर्श कहाँ है ?

(A) फुलवारी में

(B) आम के बगीचे के पास

(C) मस्जिद के पास

(D) ईदगाह में

56- मनुष्य की सार्थक व्यक्त वाणी को क्या कहते हैं ?

(A) भाषा

(B) लिपि

(C) वाक्य

(D) शब्द

57- भारत की सबसे पुरानी भाषा है –

(A) प्राकृत

(B) पालि

(C) अपभ्रंश

(D) संस्कृत

58- निम्नलिखित मे संयुक्त स्वरवर्ण कौन है ?

(A) इ

(B) ऋ

(C) ओ

(D) उ

59- केवल मुँह से बोले जानेवाले सस्वर वर्णों को क्या कहते हैं ?

(A) अनुस्वार

(B) अनुनासिक

(C) प्लुत

(D) निरनुनासिक

60- 'चवर्ग' के वर्णों का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु

(B) कंठ

(C) मूर्द्धा

(D) दन्त



Visit CollegeDekho

61- प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण क्या कहलाता है ?

(A) महाप्राण व्यंजन
(B) अल्पप्राण व्यंजन
(C) द्विगुण व्यंजन
(D) संयुक्त व्यंजन

62- निम्नलिखित में कौन अघोष व्यंजन है ?

(A) प
(B) य
(C) र
(D) ल

63- 'ङ, ञ, ण, न और म' – क्या कहलाते हैं ?

(A) पंचमाक्षर
(B) एकाक्षर
(C) मुक्ताक्षर
(D) त्रिआक्षर

64- 'अ' वर्ण का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा
(B) तालु
(C) कंठ
(D) दंत

65- वर्णों के आधार पर संधि के कितने भेद हैं ?

(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

66- 'निश्चय' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) नि + श्चय
(B) निश् + चय
(C) निश्च + य
(D) निः + चय



Visit CollegeDekho

67- निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) सौहार्द (B) शसि

(C) हिरण्यकश्यपू (D) शुद्धिकरण

68- निम्नलिखित में पूर्णविराम चिह्न कौन है ?

(A) , (B) ।

(C) – (D) " "

69- द्वंद्व समास में पदों के बीच कौन चिह्न लगाया जाता है ?

(A) । (B) –

(C) , (D) ?

70- 'सिपाही–विद्रोह' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक

(C) समूहवाचक (D) द्रव्यवाचक

71- 'सेवा' शब्द कौन लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

72- 'प्रिय' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है ?

(A) प्रियी (B) प्रिया

(C) प्रियु (D) प्रियिनी



Visit CollegeDekho

73- 'ममता' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) समूहवाचक

(C) भाववाचक (D) द्रव्यवाचक

74- निम्नलिखित में पुंलिंग शब्द कौन है ?

(A) कसम (B) आग

(C) घृणा (D) काजल

75- 'शाखा' का बहुवचन शब्द क्या होगा ?

(A) शाखाएँ (B) शाखे

(C) शाखुँ (D) शाखाइयाँ

76- निम्नलिखित में संप्रदानकारक का विभक्ति चिह्न क्या है ?

(A) ०, ने (B) ०, को

(C) को, के लिए (D) से

77- 'लड़का पेड़ से गिरा।' – यह किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदानकारक का (B) अपादानकारक का

(C) संबंधकारक का (D) अधिकरणकारक का

78- 'कौन आता है ?' – यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) संबंधवाचक सर्वनाम (B) निश्चयवाचक सर्वनाम

(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम (D) अनिश्चयवाचक सर्वनाम



Visit CollegeDekho

79- 'थोड़ा पानी।' – यह किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) गुणवाचक विशेषण का (B) प्रविशेषण का

(C) परिमाणबोधक विशेषण का (D) सार्वनामिक विशेषण का

80- 'मै घड़ा भरता हूँ।' – यह किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) अकर्मक क्रिया का (B) संयुक्त क्रिया का

(C) द्विकर्मक क्रिया का (D) सकर्मक क्रिया का

81- 'तुम वहाँ अवश्य गए होगे।' – यह किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमानकाल का (B) भूतकाल का

(C) भविष्यतकाल का (D) इनमें से कोई नहीं

82- निम्नलिखित में से 'प्रेरणार्थक क्रिया' का उदाहरण कौन है ?

(A) राम श्याम से पत्र लिखवाता है। (B) मैं खाता हूँ।

(C) वह खाकर सोने गया। (D) वह टहलने गया।

83- 'अग्नि' कौन शब्द है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

84- रचना अथवा बनावट की दृष्टि से शब्द के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच



Visit CollegeDekho

85- 'अनमोल' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अन्  (B) अ

(C) अन  (D) आ

86- 'संग्राम' शब्द में उपसर्ग है –

(A) सन  (B) ग्राम

(C) सु  (D) सम्

87- मूलतः 'प्रत्यय' कितने प्रकार के होते है ?

(A) दो  (B) तीन

(C) चार  (D) पाँच

88- 'कर्त्तव्य' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) य  (B) व्य

(C) तव्य  (D) र्त्तव्य

89- 'तालु' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) तालुव  (B) तालव्यी

(C) तालवी  (D) तालव्य

90- 'शोकाकुल' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष  (B) कर्मधारय

(C) द्विगु  (D) द्वंद्व



Visit CollegeDekho

91- अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं ?

(A) छः (B) सात

(C) आठ (D) नौ

92- 'सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।'– यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) विस्मयवाचक (D) संयुक्त वाक्य

93- निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) लड़का मिठाई लेकर दौड़ता हुआ घर आया।

(B) उस वन में प्रातः काल के समय बहुत ही सुहावना दृश्य होता है।

(C) छात्रों ने पंडित नेहरू को अभिनन्दन–पत्र प्रदान किया।

(D) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।

94- 'गृहस्थ' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) लाघव (B) संयासी

(C) स्थावर (D) आगमन

95- 'जो अच्छे कुल में उत्पन्न हुआ है' – के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) अकथनीय (B) सर्वशक्तिमान्

(C) कुलीन (D) अद्वितीय



Visit CollegeDekho

96- 'अँगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) चाल चलना
(B) माँगना
(C) आगे–पीछे कुछ न देखना
(D) समय पर धोखा देना

97- अमावस्या का विलोम शब्द क्या है ?

(A) उदय
(B) आदि
(C) अनाचार
(D) पूर्णिमा

98- 'स्त्री' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) वनिता
(B) केहरी
(C) यामिनी
(D) त्रियामा

99- 'तुम पढ़ो।' – यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक वाक्य
(B) विस्मयवाचक वाक्य
(C) आज्ञावाचक वाक्य
(D) संदेहवाचक वाक्य

100- 'रात को पहरा देनेवाला' – यह वाक्य कौन पदबंध है ?

(A) सर्वनाम–पदबंध
(B) विशेषण–पदबंध
(C) क्रिया–पदबंध
(D) संज्ञा–पदबंध



Visit CollegeDekho

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1- निम्नलिखित गद्यांशो में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 x 2 = 10

(क) मनुस्मृति में कहा गया है कि – 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवताः' अर्थात् जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ सुख–समृद्धि और शान्ति होती है। प्राचीनकाल में नारियाँ हमारे समाज की बहुत सम्माननीय सदस्या थीं। गार्गी, मैत्रेयी, गौतमी, अपाला आदि प्राचीनकाल की प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित नारियाँ हैं। प्राचीनकाल से ही नारियाँ पुरूषों के बराबर बैठती रही हैं और समाज के निर्माण में अपना योगदान देती रहीं हैं।

किन्तु मध्यकाल के आते–आते हमारे देश पर कई आक्रमण हुए, जिससे पूरी सामाजिक व्यवस्था बिगड़ गई। नारी के प्रति लोगों की सोच बदली और घर की चहारदीवारी तक सिमट कर रह गयी । आज हम जिस पुरूष प्रधान समाज की बात करते हैं यह मध्यकाल की ही देन है।

**(i)** मनुस्मृति में क्या कहा गया है ?

**(ii)** प्राचीनकाल में नारियों की स्थिति समाज में कैसी थी ?

**(iii)** प्राचीनकाल की प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित नारियों के नाम लिखें।

**(iv)** समाज के निर्माण मे कौन अपना योगदान देती रही हैं ?

**(v)** मध्यकाल में हमारे देश में नारियों की स्थिति कैसी थी ?



Visit CollegeDekho

(ख) बचपन से ही हमें ऐसे वातावरण में रहना अत्यंत आवश्यक है, जो स्वतंत्रतापूर्ण हो। हममें से अधिकांश व्यक्ति, किसी न किसी रूप में भयभीत है और जहाँ भय है वहाँ मेधा नहीं है। जीवन की संपूर्ण प्रक्रिया को समझने के लिए हमें स्वतंत्रता की आवश्यकता होती है। जीवन के ऐश्वर्य की, इसकी अनंत गहराई और इसके अद्‌भुत सौन्दर्य की धन्यता को हम तभी महसूस कर सकेंगे जब हम संगठित हो झूठ, आडम्बर, रूढ़िवादिता और भ्रष्ट समाज के खिलाफ विद्रोह करेंगे ताकि हम एक मानव की भाँति अपने लिए सत्य की खोज कर सकें। अनुकरण करना शिक्षा नहीं है।

**(i)** बचपन से ही हमें कैसे वातावरण में रहना आवश्यक है ?

**(ii)** मेधा कहाँ नहीं हो सकती ?

**(iii)** जीवन की संपूर्ण प्रक्रिया को समझने के लिए हमें किसकी आवश्यकता होती है ?

**(iv)** क्या शिक्षा नहीं है ?

**(v)** इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें।

2- निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 x 2 = 10

(क) पंडिता रमाबाई सरस्वती का जन्म 23 अप्रैल 1858 ई० में मैंगलोर में हुआ था। पंडिता रमाबाई सरस्वती की भाषा मराठी थी, ये एक चितपावन ब्राह्मण परिवार की थीं। इनके पिता अनंत शास्त्री डोंगरे संस्कृत के विद्वान थे। रमाबाई सरस्वती को इन्होंने घर पर ही



Visit CollegeDekho

संस्कृत विषय की शिक्षा दी। 1876 ई० के अकाल के दौरान इनके माता–पिता की मृत्यु हो गई। रमाबाई और उनके भाई श्रीनिवास ने संस्कृत शास्त्रों का पाठ करने लगे। संस्कृत में निपुण महिला के रूप में रमाबाई की ख्याति कलकत्ता तक पहुँच गई, जहाँ पंडितों ने उन्हें बोलने के लिए आमंत्रित किया। 1978 ई० में कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उनके संस्कृत विषय के ज्ञान के सम्मान में उन्हें 'पंडिता' और 'सरस्वती' की उपाधि प्रदान की।

**(i)** पंडिता रमाबाई सरस्वती का जन्म कहाँ और किस वर्ष हुआ था ?

**(ii)** पंडिता रमाबाई सरस्वती की भाषा क्या थी तथा ये किस परिवार की थीं ?

**(iii)** रमाबाई के पिता का नाम क्या था और ये किस विषय के विद्वान थें ?

**(iv)** रमाबाई के माता–पिता की मृत्यु कैसे हुई ?

**(v)** कलकत्ता विश्वविद्यालय ने रमाबाई को कौन सी–उपाधि प्रदान की ?

(ख) पुराने समय से ही युद्ध में सैनिकों का उत्साह बढ़ाने के लिए वाद्य यंत्रों के साथ–साथ गीत–संगीत का प्रयोग होता आया है। संगीत की स्वर लहरी वीर सैनिकों में उत्साह का संचार करती है। देशभक्ति के गीत सुनकर सैनिक दुश्मनों के लिए काल और मृत्यु बन जाते हैं। रणभूमि में बिगुल सुनकर उनका रोम–रोम वीरता की उमंगों से भर जाता है और दिल में कुछ कर गुजरने का तूफान उठने लगता है। हमारे देश में जब–जब संकट आया है, भारत के फौजियों ने दुश्मनों को इस बात का एहसास दिला दिया है कि, जो हमसे टकराएगा, चूर–चूर हो जाएगा।



Visit CollegeDekho

(i) युद्ध में सैनिकों का उत्साह बढ़ाने के लिए किसका प्रयोग होता आया है ?

(ii) संगीत की स्वर लहरी वीर सैनिकों में किसका संचार करती है ?

(iii) सैनिक किस समय दुश्मनों के काल और मृत्यु बन जाते हैं ?

(iv) रणभूमि में बिगुल सुनकर सैनिकों में क्या होता है ?

(v) भारत के फौजियों ने दुश्मनों को किस बात का एहसास दिला दिया है ?

3- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250—300 शब्दों में निबंध लिखें। 1 x 10 = 10

**(क) मेरे प्रिय अध्यापक**

(i) भूमिका

(ii) विशेषता (पढ़ाने का तरीका)

(iii) मेरे जीवन पर प्रभाव

(iv) प्रेरणा

(v) निष्कर्ष

**(ख) डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

(i) भूमिका

(ii) शिक्षक के रूप में

(iii) दार्शनिक के रूप में

(iv) उपराष्ट्रपति के रूप में

(v) निष्कर्ष



Visit CollegeDekho

## (ग) प्रदूषण

(i) भूमिका

(ii) कारण

(iii) समस्या

(iv) निवारण

(v) निष्कर्ष

## (घ) सड़क सुरक्षा

(i) भूमिका

(ii) नियमों का पालन

(iii) गति सीमा

(iv) आवश्यकता

(v) निष्कर्ष

## (ङ) स्वच्छ भारत अभियान

(i) भूमिका

(ii) महत्व

(iii) जागरूकता

(iv) उपाय

(v) निष्कर्ष



Visit CollegeDekho

4- अपने प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें जिसमें शौचालय की समुचित व्यवस्था करवाने का निवेदन किया गया हो। 1 x 5 = 5

अथवा

बढ़ते महँगाई के विषय पर दो मित्रों के बीच के संवाद को लिखें।

5- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें। 5 x 2 = 10

(i) चिमटा देखकर अमीना के मन में कैसा भाव जगा ?

(ii) आपके विचार से सिरचन का महत्व कम क्यों हो गया ? 'ठेस' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें।

(iii) ईर्ष्यालु से बचने का क्या उपाय है ?

(iv) विक्रमशिला विश्वविद्यालय का सर्वनाश कैसे हुआ ? इसकी जानकारी किस ग्रंथ से प्राप्त होती है ?

(v) संजू को डायरी लिखने की प्रेरणा किससे मिली ?

(vi) सुदामा को कुछ न देकर उनकी पत्नी को सीधे वैभव सम्पन्न करने का क्या औचित्य था ?

(vii) 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता में भारत को बूढ़ा क्यों कहा गया है तथा इस कविता के रचनाकार का नाम क्या है ?

(viii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' शीर्षक कविता का मुख्य उद्देश्य क्या हो सकता है ?

(ix) 'बिना गुण के कोई बड़ा नहीं होता।' – पठित दोहे को लिखें, जिसमें यह बात कही गयी है।

(x) 'कर्मवीर' की पहचान क्या है ? पठित कविता के अनुसार लिखें।



Visit CollegeDekho

6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें:  1 x 5 = 5

(i) व्याख्या करें :

"जो लोग नए मूल्यों का निर्माण करने वाले हैं, वे बाजारों में नहीं बसते, वे शोहरत के पास भी नहीं रहते।"

(ii) व्याख्या करें :

"मेरे अल्लाह बुराई से बचाना मुझको। नेक जो राह हो, उस राह पे चलाना मुझको"



Visit CollegeDekho